बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि0,

"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2, पटना 800001

पत्रांक 13174 दिनांक-22/12/18

प्रतिनियुक्ति पर जिला प्रबंधक/उप महाप्रबंधक/अपर जिला प्रबंधक की आवश्यकता

बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0 के प्रशासनिक संरचना के पूनर्गठन के पश्चात जिला प्रबंधक/उप महप्रबंधक(उप सचिव स्तर) एवं अपर जिला प्रबंधक के पदाधिकारियों की कमी के फलस्वरूप केन्द्र सरकार/बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत राजपत्रित पदाधिकारी एवं समकक्ष पद एवं वेतनमान में कार्यरत पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति पर जिला प्रबंधक/उप महाप्रबंधक(उप सचिव स्तर) एवं अपर जिला प्रबंधक के पद पर पदस्थापन हेतु योग्य,स्वच्छ छवि वाले एवं शारीरिक रूप से कर्तव्यों के निर्वहन में सक्षम,अनुभवी,पदाधिकारी से आवेदन पत्र निर्धारित अर्हता/शर्तो(जो निगम बेवसाईट पर उपलब्ध है) पर दिनांक 11.01.19 तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त नियोजन के लिए आदर्श रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों पर एक वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की जायेगी तथा कार्यकलाप संतोषजनक पाये जाने पर प्रतिनियुक्ति अवधि के विस्तार पर विचार किया जायेगा।

जिला प्रबंधक/उप महाप्रबंधक/अपर जिला प्रबंधक के रिक्ति की विवरणीः-

क्र0	पदनाम/वेतनमान	कुल रिक्ति की सं0
1	*2*	*3*
1	**जिला प्रबंधक/उप महाप्रबंधक** (PB-3+6600) (उप सचिव स्तर)	29
2	अपर जिला प्रबंधक (PB-2+5400)	76

1. आवेदक अपना आवेदन पत्र दिनांक 11.01.19 के 5.00 बजे अपराह्न तक निश्चित रूप से **प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0, खाद्य भवन' दारोगा राय पथ, आर ब्लॉक' रोड नं. 2, पटना 800001** के कार्यालय में उपलब्ध करायेगें। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया गया जायेगा। अर्हता पूरा करने वाले अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।
2. प्रतिनियुक्ति पर नियोजन की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, अभ्यर्थियों द्वारा **Website-sfc.bihar.gov.in** तथा किसी भी कार्य दिवस को **निगम मुख्यालय (खाद्य भवन) आर0ब्लॉक,रोड नं. 2, पटना 800001 पटना** के प्रशासन शाखा में देखा जा सकता है।

प्रबंध निदेशक के आदेश से।

22/12/18

महाप्रबंधक,सामान्य प्रशासन

प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन की अहर्त्ता एवं शर्ते निम्नवतः होगीः–

1. विज्ञापन की अंतिम तिथि को आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापन के समय सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।
3. चयन समिति आवश्यकतानुसार कांउसिंलिग कर अपनी अनुशंसा देगी।
4. उल्लिखित पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापन प्रथम चरण में एक वर्ष के लिए होगी तथा आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्ति का अवधि विस्तार किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषप्रद नहीं रहने अथवा क्षति/गबन पाये जाने पर इनकी सेवा पैतृक विभाग को वापस कर दी जायेगी।
5. चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर पदस्थापन आदेश राज्य खाद्य निगम के द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को अंतिम वेतन प्रमाण पत्र के आधार पर वेतन का भुगतान होगा।
7. उल्लिखित पद के लिए इच्छुक पदाधिकारी संलग्न विहित प्रपत्र में अपनी योग्यता, पूर्व धारित पदों का विवरण सहित स्वयं अथवा निबंधित डाक से अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक **प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0, खाद्य भवन' दारोगा राय पथ, आर ब्लॉक' रोड नं. 2, पटना 800001** के पते पर भेजें।
8. आवेदक के विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज न हो।
9. आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो।
10. पदाधिकारी अपने आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, पूर्व नियोजक से स्वच्छता प्रमाण पत्र एवं अपराधिक मामला, गबन अनाचार–कदाचार के संबंध में नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र के साथ प्रतिवेदन देगें।
11. इनके द्वारा की गयी क्षति/गबन की राशि की वसूली उनके वेतन से की जायेगी एवं वेतन से वसूली संभव नहीं होने की स्थिति में बिहार एवं उडीसा लोक मॉंग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन चल/अचल संपति से की जायेगी।
12. अर्हत पूरा करने वाले पदाधिकारियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।
13. विभागीय अनापति प्रमाण पत्र।

जिला प्रबंधक/उप महाप्रबंधक पद	अपर जिला प्रबंधक पद
29 (PB-3+6600) (उप सचिव स्तर)	76 (PB-2+5400)

क्र0	पद	स्वीकृत पद	वेतनमान	वांछित योग्यता	रिक्ति
1	जिला प्रबंधक/ उप महाप्रबंधक (उप सचिव स्तर)	53	PB-3 ग्रेड पे–6600 (अपुनरीक्षित)	केन्द्र सरकार/बिहार सरकार के राजपत्रित पदाधिकारी के समकक्ष स्तर एवं वेतनमान के पदाधिकारी जिन्हें प्रबंधक का अनुभव हों।	29
2	अपर जिला प्रबंधक	76	PB-2 ग्रेड पे–5400 (अपुनरीक्षित)		76

महाप्रबंधक,सामान्य प्रशासन

आवेदन प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम–

2. आवेदक का नाम–

3. पिता का नाम–

Paste in photograph

4. स्थाई पता–

5. वर्तमान पता–

6. पद एवं विभाग का नाम तथा पता–
(अभिप्रमाणित साक्ष्य संलग्न करें)

7. जन्मतिथि(प्रमाण पत्र के साथ)

8. शैक्षणिक योग्यता–
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9. आवेदित पद के अनुरूप योग्यता–

10. अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई अपराधिक वाद/निगरानी वाद/विभागीय कार्रवाई लंबित है अथवा नहीं।

11. आरक्षण कोटि–
(सक्षम प्राधिकार के स्तर से प्रमाण पत्र संलग्न)

12. दूरभाष/मोबाईल नम्बर–

तिथिः–

स्थान :–

हस्ताक्षर